भाकृअनुप– कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोन–3, कानपुर

73वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह सम्पन्न

दिनांक 15 अगस्त, 2019 को आई.सी.ए.आर.–कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोन–3, जीटी रोड, रावतपुर, कानपुर के प्रांगण में निदेशक डा. अतर सिंह जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। संस्थान के सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी में निदेशक महोदय द्वारा अपने उद्बोधन में आवाहन किया कि कृषि विकास में, मृदा स्वास्थ्य की महत्ता, देश की सुरक्षा, एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्वास्थ्य, खाद्यान्न दलहन तिलहन में आत्म निर्भरता जल शक्ति अभियान, स्वच्छता अभियान, बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करना, पर्यावरण संरक्षण आदि पर विस्तृत चर्चा की तथा सभी से देश के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देने की अपील की। साथ ही सभी को स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक शुभ कामनाएं दी।

बाँदा कृषि विश्वविद्यालय से स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने पधारे डा. ए.के. त्रिपाठी सह प्राध्यापक ने अपने विचार रखते हुए कहा कि 70% आबादी कृषि से जुड़ी है। किसानों के हितकारी कार्यक्रमों से हम सभी वैज्ञानिक निष्ठा लगन से काम करने का संकल्प लें तथा देश के विकास में अपनी भागीदारी निभायें। डा. साधना पाण्डे, प्रधान वैज्ञानिक (प्रसार गृह वैज्ञानिक) ने देश के विकास में महिलाओं के योगदान पर अपनी बात रखी। डा. शंकर सिंह, सलाहकार ने अपनी बात रखते हुए कहा कि देश वर्तमान नेतृत्व में तेजी से सही दिशा में आगे बढ रहा है तथा सभी का आवाहन किया कि बदलते भारत में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से कृषकों की सेवा कर कृषि विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

कार्यक्रम में संस्थान के श्री एस एन येमुल, मुख्य तकनीकी अधिकारी; श्री रामबोध वर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी; श्री श्रवण कुमार यादव, सदस्य (राजभाषा समिति) सहित सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में श्री एस एन येमुल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम समाप्त किया गया।